## खास-खबरें

### खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूने



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बाजार में विक्रय हो रहे दूध एवं दुग्ध उत्पादों पर विशेष निगरानी रखते हुए दुकानों, डेरियों एवं फैक्ट्रियों का औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए जा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने आष्टा स्थित श्री इंटरप्राइजेज से घी के 03 नमूने जांच हेतु लिए और 50 लीटर संदिग्ध घी भी जब्त किया। इसी प्रकार टीम द्वारा श्यामपुर स्थित जफरुद्दीन डेयरी से मिल्क का सैंपल तथा मुख्तारनगर स्थित दुआ डेयरी से दूध तथा मिक्स मिल्क का सैंपल लिया।

### नशा विरोधी अभियान को चुनौती, स्टेशन के पास दुकान को बना दिया ओपन बार

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** एक तरफ जहां मध्य प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन पूरे प्रदेश में नशा विरोधी अभियान चलाकर नशा मुक्ति का दावा कर रहा है, वहीं शहर के मण्डी थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे सरेआम कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे हैं। रेलवे स्टेशन मण्डी के प्लेटफार्म नंबर-2 के सामने पोस्ट ऑफिस मार्ग पर एक आपराधिक प्रवृत्ति के युवक ने अपनी दुकान को खुलेआम शराब का अड्डा बना दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में शिवम नायक उर्फ डब्बू नामक युवक हाथ में शराब का गिलास लिए मण्डी थाना प्रभारी और पुलिस महकमे को गालियां देता नजर आ रहा है। जब वीडियो बनाने वाले ने उसे टोका तो उसने बेखौफ होकर कहा कि हां दूंगा गालियां, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। बता दें पुलिस द्वारा पूर्व में कोई सख्त कार्रवाई न किए जाने के कारण ही आरोपी की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि वह अब सीधे पुलिस महकमे को चुनौती दे रहा है।

### कलेक्टर की पहल लाई रंग, स्कूल से अनुपस्थित विद्यार्थियों के घर पहुंचा प्रशासन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने हायर सेकंडरी स्कूल लगधा पहुंचकर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की और विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों की उपस्थिति, अध्ययन-अध्यापन की स्थिति तथा विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली थी। कलेक्टर ने विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की, जो नियमित रूप से विद्यालय नहीं आ रहे हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक बच्चे की शिक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए विद्यार्थियों की जानकारी लेने के बाद कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिला पंचायत सीईओ को संबंधित विद्यार्थियों के घर जाकर अभिभावकों से संवाद करने के निर्देश दिए। कलेक्टर की इस पहल का सकारात्मक असर देखने को मिला।

# सांची की बौद्ध विरासत और स्थापत्य कला देख अभिभूत हुए ब्रिक्स

### प्रतिनिधियों ने सांची को बताया शांति और आध्यात्मिकता का अद्भुत केंद्र

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** ब्रिक्स देशों से आए 42 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को विश्व धरोहर स्थल सांची पहुंचकर भारत की समृद्ध बौद्ध विरासत और स्थापत्य कला का अवलोकन किया। ब्राजील, चीन, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया और रूस सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ जंबूद्वीप उद्यान, संग्रहालय और बौद्ध स्तूप का भ्रमण किया। मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र लोधी भी उनके साथ रहे।

सांची पहुंचने पर कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अगुवाई में प्रतिनिधियों का भारतीय संस्कृति के अनुरूप तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रतिनिधियों ने हजारों वर्ष पुरानी स्थापत्य कला, बौद्ध संस्कृति से जुड़े शिल्प और स्तूप परिसर की प्राचीन संरचनाओं को करीब से देखा। विशेषज्ञों और मार्गदर्शकों ने उन्हें सांची के इतिहास, बौद्ध धर्म के प्रसार तथा स्मारकों की स्थापत्य विशेषताओं की जानकारी दी।

बौद्ध स्तूप के तोरण द्वारों पर उकेरी गई बारीक नक्काशी ने प्रतिनिधियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इन शिल्पों में बौद्ध परंपराओं, जातक कथाओं, प्रकृति, पशु-पक्षियों और तत्कालीन सामाजिक जीवन से जुड़े दृश्य अंकित हैं। प्रतिनिधियों को बताया गया कि सांची के बौद्ध स्मारकों की स्थापना का संबंध मौर्य सम्राट अशोक के काल से है।



**सांची की विरासत को प्रत्यक्ष देखना अविस्मरणीय अनुभव**

प्रतिनिधियों ने सांची को ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यहां प्राचीन भारतीय संस्कृति के साथ भगवान बुद्ध के शांति, अहिंसा, करुणा और मानवता के संदेश का अनुभव होता है। उन्होंने सांची की विरासत को प्रत्यक्ष देखना अविस्मरणीय अनुभव बताया और स्मारकों की तस्वीरें भी लीं। भ्रमण के बाद प्रतिनिधियों ने शाम को स्तूप परिसर में प्रकाश एवं ध्वनि प्रदर्शन देखा। त्रिआयामी प्रस्तुति के माध्यम से बौद्ध संस्कृति, भगवान बुद्ध के जीवन-दर्शन, त्याग, ज्ञान प्राप्ति, करुणा, शांति और मानवता के संदेश को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संस्कृति विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित प्रशासन और पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### आरिफ अली को भाजपा में विशेष आमंत्रित सदस्य की जिम्मेदारी



**रायसेन।** वरिष्ठ भाजपा नेता आरिफ अली को पार्टी में विशेष आमंत्रित सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार यह नियुक्ति जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा की अनुशंसा और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से की गई है। आरिफ अली को यह जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। भाजपा की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ संगठन की ओर से दिए जाने वाले निर्देशों का पालन करने की बात भी उन्होंने कही। बताया गया कि उनकी नियुक्ति में सांसद एवं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, संभाग प्रभारी राजो मालवीय, जिला प्रभारी एवं सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, विधायक शिवाजी पटेल, स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल सहित मंडल अध्यक्षों और जिला पदाधिकारियों का सहयोग रहा। आरिफ अली को नई जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# तीन माह से राशन नहीं मिलने की शिकायत फिंगर लगवाकर रिकॉर्ड में वितरण का आरोप

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरुंदाः** तहसील के ग्राम मंजाखेड़ी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की राशन दुकान को लेकर ग्रामीणों ने गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें तीन माह से राशन नहीं मिला, जबकि मशीन पर अंगूठा लगवाकर रिकॉर्ड में राशन का वितरण दर्ज किया गया। शिकायत के बाद प्रशासन ने राशन दुकान को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। सोमवार को खाद्य विभाग और संबंधित अधिकारियों की संयुक्त टीम जांच करेगी।

गुरुवार को ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे और लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार राशन दुकान का सेल्समैन घर-घर जाकर मशीन पर फिंगर लगवाता है और पर्ची दे देता है, लेकिन राशन लेने दुकान पहुंचने पर उन्हें राशन नहीं आने की बात कहकर लौटा दिया जाता है। ग्रामीणों ने दावा किया कि यह स्थिति पिछले तीन माह से बनी हुई है।



**रिकॉर्ड में 80 फीसदी से अधिक वितरणः** ग्रामीणों ने मई और जून में 84.17 प्रतिशत तथा जुलाई में 79.68 प्रतिशत राशन वितरण दर्ज होने पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि वास्तविक रूप से राशन नहीं मिला तो रिकॉर्ड में इतना वितरण कैसे दर्ज हुआ। दुकान से करीब 438 कार्डधारक जुड़े हैं और इसका संचालन दुर्गा स्वसहायता समूह द्वारा किया जा रहा है।

**संयुक्त टीम करेगी जांचः** एसडीएम सुधीर कुशवाह ने मामले की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं। आजीविका मिशन के अधिकारी नरेंद्र यादव के अनुसार प्रारंभिक जांच के बाद दुकान फिलहाल बंद कर दी गई है। सोमवार को खाद्य विभाग और संबंधित अधिकारियों की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर जांच करेगी। खाद्य आपूर्ति अधिकारी पिंकी शाक्य ने कहा कि जांच के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**सेल्समैन ने आरोपों को नकारा**

राशन दुकान के सेल्समैन इंद्रजीत सिंह ने आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार राशन वितरित किया गया है। उन्होंने दावा किया कि कुछ लोग पर्ची बनवाने के बाद राशन लेने नहीं आते और बाद में शिकायत करते हैं। उन्होंने कुछ ग्रामीणों पर नशे की हालत में दबाव बनाने का आरोप भी लगाया। सेल्समैन ने पिछले चार वर्षों से पूरा वेतन नहीं मिलने की बात भी कही है।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए रतलाम मंडल के श्रेष्ठ वाणिज्य कर्मियों को किया सम्मानित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलामः** वर्ष 2025 में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने हेतु रतलाम मंडल के वाणिज्य विभाग के कर्मचारी अज़ीज़ महूवाला, कवीश निगम, सुजीत कुमार तथा नानक सिंह आदि को पीसीएमएम, पश्चिम रेलवे द्वारा अहमदाबाद में आयोजित सम्मान समारोह में पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पश्चिम रेलवे जोन के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी समारोह में उपस्थित थे। इस दौरान रतलाम रेल मंडल के अजीज महूवाला के कार्यों की विशेष सराहना भी की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक पश्चिम रेलवे तरुण जैन ने इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों की कार्यनिष्ठा, समर्पण एवं सराहनीय सेवाओं की प्रशंसा की। यह सम्मान रतलाम मंडल के सभी कर्मचारियों के लिए गौरव का विषय है।

बता दे की राजस्व सहित खानपान व्यवस्था और सुचारू रूप से यात्री सुविधा प्रदान करने के लिए पश्चिम रेलवे के विभिन्न मंडलों से श्रेष्ठ कार्य करने वालों को यह पुरस्कार दिए जाते हैं इस दौरान रतलाम मंडल का श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। सीनियर डीसीएम सहित रतलाम मंडल रेल प्रबंधक व वाणिज्य विभाग के कई कर्मचारी ने कमर्शियल टीम को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

# शिप्रा आरती के अधिकार को लेकर प्रशासन-पंडा समिति आमने-सामने, जल सत्याग्रह शुरू

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** शिप्रा आरती कराने के अधिकार को लेकर प्रशासन और पंडा समिति के बीच चल रहा विवाद शनिवार को आंदोलन में बदल गया। 7 अगस्त को रामघाट पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में पंडा समिति ने शनिवार शाम 4 बजे से शिप्रा नदी में जल सत्याग्रह शुरू किया। समिति का दावा है कि तीर्थ पुरोहित पिछले 11 वर्षों से रामघाट पर शिप्रा आरती कराते आ रहे हैं।

वहीं प्रशासन का कहना है कि सिंहस्थ-2028 के दौरान उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं को हरिद्वार की तर्ज पर भव्य शिप्रा आरती का अनुभव कराने के लिए नई व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन ने दोनों पक्षों को मिलकर आरती कराने का प्रस्ताव भी दिया था, जिसे पंडा समिति ने स्वीकार नहीं किया।



पंडा समिति के अनुसार 5 अगस्त को महाकाल मंदिर समिति के बटुक आरती के लिए रामघाट पहुंचे थे। समिति के सदस्यों द्वारा उन्हें रोकने के बाद दोनों पक्षों में गतिरोध हुआ और बटुकों ने दूसरी जगह आरती की। 7 अगस्त को भी विवाद की स्थिति बनी। पुलिस बल के साथ पहुंचे अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। गतिरोध समाप्त नहीं होने पर पुलिस ने पंडा समिति के पुजारियों को वहां से हटाया। इसके बाद मंदिर समिति के बटुकों ने दूसरी जगह आरती की।

**प्रशासन ने कहा- किसी को हटाना उद्देश्य नहींः** एसडीएम पवन बारिया ने कहा कि सिंहस्थ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन आएंगे। उन्हें भव्य शिप्रा आरती दिखाने के उद्देश्य से महाकाल मंदिर प्रबंध समिति की ओर से आरती शुरू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि किसी को रोकना या हटाना प्रशासन का उद्देश्य नहीं है।

पंडा समिति के राजेश त्रिवेदी ने कहा कि पुरोहित वर्ष 2015 से आरती करा रहे हैं। उनका कहना है कि अचानक जिम्मेदारी मंदिर समिति को देना पुरोहितों को आयोजन से बाहर करने जैसा है। समिति ने परंपरा के अनुसार आरती कराने की मांग की है।

**निजी एजेंसी से आयोजन की तैयारीः** उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शिप्रा आरती को बड़े सांस्कृतिक आयोजन के रूप में विकसित करने के लिए टेंडर जारी किया है। योजना के तहत निजी एजेंसी के माध्यम से आरती के आयोजन, प्रबंधन, ब्रांडिंग और डिजिटल प्रचार-प्रसार की व्यवस्था की जानी है। चयनित एजेंसी द्वारा यूनिटी मॉल के पीछे स्थित शिप्रा घाट पर दैनिक और विशेष आरती कराने की योजना है।

### एमपी पर्यटन क्विज में सेंट एसआरएस स्कूल की टीम जिला स्तर पर प्रथम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** जिला स्तरीय एमपी पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ विद्यालय की तीन सदस्यीय टीम का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

विदिशा जिले में आयोजित प्रतियोगिता में 117 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता दो चरणों में हुई। पहले चरण में लिखित परीक्षा आयोजित की गई, जिसके आधार पर छह टीमों का चयन मल्टीमीडिया राउंड के लिए किया गया। मल्टीमीडिया राउंड में सेंट एसआरएस स्कूल की टीम ने 210 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय की टीम में कक्षा 11वीं के मनीष कुमार विश्वकर्मा, कक्षा 9वीं की गौरी सिंह दांगी और कक्षा 10वीं के राघवेंद्र शर्मा शामिल रहे। विद्यार्थियों ने सामान्य ज्ञान और पर्यटन से जुड़े प्रश्नों के सटीक उत्तर देकर टीम को विजेता बनाया।

**तीन दिन के शैक्षणिक भ्रमण पर जाएंगे विद्यार्थीः** प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को तीन दिन और दो रात का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया जाएगा। इस दौरान वे प्रदेश के प्रमुख पर्यटन, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार सेंट एसआरएस स्कूल ने लगातार तीसरी बार जिला स्तरीय एमपी पर्यटन क्विज में प्रथम स्थान हासिल किया है। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी जताते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### सच्ची भक्ति सुविधा नहीं, समर्पण और अटूट विश्वास मांगती है : पं. भार्गव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** सच्ची भक्ति की पहचान सुख-सुविधाओं में नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में अटूट विश्वास और समर्पण से होती है। भक्त की निष्ठा की परीक्षा विपरीत परिस्थितियों में होती है। बालक उपमन्यु का प्रसंग इसी अडिग भक्ति का उदाहरण है। यह बात कथा वाचक पं. धर्मेंद्र भार्गव ने श्रीराम-जानकी मंदिर, खेड़ापति गौधाम में चल रहे 27 दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव के 84 अवतार चरित्र वर्णन महोत्सव में कही।


उन्होंने बताया कि बालक उपमन्यु को दूध पीने की इच्छा हुई, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि उसे वास्तविक दूध उपलब्ध कराया जा सके। माता ने उसे भगवान शिव की कृपा से इच्छा पूरी होने की बात बताई। इसके बाद उपमन्यु ने भगवान शिव को प्रसन्न करने का संकल्प लिया। उसने मिट्टी का शिवलिंग बनाकर 'नमः शिवाय' का जाप किया और हिमालय में कठोर तपस्या शुरू कर दी। पं. भार्गव ने बताया कि उपमन्यु की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने पहले उसकी निष्ठा की परीक्षा लेने का निर्णय किया। शिव ने इंद्र का रूप धारण कर उपमन्यु के सामने भगवान शिव की निंदा की।

# शिक्षकों की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, तीन गंभीर घायल, स्कूल पहुंचने की जल्दबाजी में हुआ हादसा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जिले के बिलकिसगंज थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह स्कूल जाने के दौरान शिक्षकों से भरी कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार तीन शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकाला और तत्काल बिलकिसगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों की टीम घायलों का उपचार कर रही है।

तेज रफ्तार में बिगड़ा कार का संतुलन

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह तीन शिक्षक कार से स्कूल जा रहे थे। बताया जा रहा है कि समय पर स्कूल पहुंचने की जल्दबाजी में कार तेज रफ्तार से जा रही थी।



इसी दौरान अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार तीनों शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल?: दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्काल मदद की। लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकाला और उन्हें बिलकिसगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की टीम ने घायलों का उपचार शुरू किया। फिलहाल उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही बिलकिसगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घायलों के परिजनों और संबंधित स्कूल प्रशासन को भी दुर्घटना की जानकारी दे दी है।

पुलिस हादसे के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ना हादसे की वजह बताया जा रहा है।


**न्यायालय अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला बड़वानी (म.प्र.)**

क्रमांक / 1014 / रीडर-2/2026 बड़वानी दिनांक 04/08/2026
प्रकरण क्र./0033/ब-121/2026-27
पेशी दिनांक 18.08.2028

-: सूचना पत्र :-

**बनाम :- 1- महेश वाडिले पिता गोपीचंद वाडिले (ऋणी)**
**पता - वार्ड नं. 21, रामकटोरा, नाले पर गली नं. 3, सेंधवा, जिला बड़वानी (म.प्र.) - 451666**
**2- नाना मोटर्स - फर्म (सहऋणी)**
**पता - वसुतीर्थ कॉलोनी सेंधवा (म.प्र.) - 451566**
**3- श्रीमती संगीता वाडिले पति महेश वाहिले (सहऋणी)**
**पता - वार्ड नं. 21, रामकटोरा, नाले पर गली नं. 3, सेंधवा, जिला बड़वानी (म.प्र.) - 451666**
**4- गोपीचंद वाडिले (सहऋणी)**
**पता - गली नं. 02, वार्ड नं. 21, कस्तूरबा मोहल्ला सेंधवा, जिला बड़वानी (म.प्र.)- 451666**
**5- श्रीमती संगीता पति महेश वाडिले (सहऋणी)**
**पता - वार्ड नं. 21, रामकटोरा, नाले पर गली नं. 3, सेंधवा, जिला बड़वानी (म.प्र.) - 451666**
**.... अनावेदक**

सूचित किया जाता है कि आवेदक चोलामंडल इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड, शाखा - बी जोन बिल्डिंग 6 फ्लोर ऑफिस नं. 603, बिजनेस स्पेस, निपानिया मेंन रोड़ पटेल मोटर्स आईसर शोरूम के पास इंदौर (म.प्र.) - 452001 द्वारा आवेदन पत्र धारा 14 वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पूनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अनावेदक **1- महेश वाडिले पिता गोपीचंद वाडिले (ऋणी) पता -** वार्ड नं. 21, रामकटोरा, नाले पर गली नं. 3, सेंधवा, जिला बड़वानी (म.प्र.) - 451666 **2 नाना मोटर्स फर्म (सहऋणी)** पता वसुतीर्थ कॉलोनी सेंधवा (म.प्र.) - 451666 **3- श्रीमती संगीता वाडिले पति महेश वाडिले (सहऋणी) पता -** वार्ड नं. 21, रामकटोरा, नाले पर गली नं. 3, सेंधवा, जिला बड़वानी (म.प्र.) - 451666 **4- गोपीचंद वाडिले (सहऋणी) पता -** गली नं. 02, वार्ड नं. 21, कस्तूरबा मोहल्ला सेंधवा, जिला बड़वानी (म.प्र.) - 451666 **5 - श्रीमती संगीता पति महेश वाडिले (सहऋणी) पता -** वार्ड नं. 21, रामकटोरा, नाजे पर गली नं. 3, सेंधवा, जिला बड़वानी (म.प्र.) - 451666 विरुद्ध शपथ पत्र सहित प्रस्तुत किया गया है कि आप अनावेदक ऋणी को दिनांक 18.02.2023 को राशि रूपये 50,00,000/- दिनांक 20.03.2024 को राशि रूपये 28,00,000/- दिनांक 21.03.2024 को राशि रूपये 38,50,000/- वित्तीय सहायता की कुल रकम रूपये 1,16,50,000/- (एक करोड़ सोलह लाख पचास हजार रूपये मात्र) प्राप्त कर बैंक के पक्ष में प्रतिभूति के रूप में अचल सम्पत्ति बंधक रखी गई है -

संपत्ति 1- कस्बा सेंधवा, नगर पालिका सेंधवा, सेटलमेंट नं. 209, प..नं. 04, वार्ड नं. 12, सर्वे नं. 307/3/3/1, तहसील सेंधवा, जिला बड़वानी (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 0.009 हेक्टर अर्थात 968 वर्गफीट एवं संपत्ति 2- जुलवानिया सेंधवा मार्ग, कस्बा सेंधवा, नगर पालिका सेंधवा, वार्ड नं. 17, प.ह.नं. 04, सर्वे नं. 333/1, प्लाट नं. 23, तहसील सेंधवा, जिला बड़वानी (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट अर्थात 92.93 वर्गमीटर होकर उक्त संपत्ति बंधक रखी गई है।

प्राप्त उक्त ऋण राशि का भुगतान नहीं करने से बंधक उक्त सम्पत्ति का भौतिक कब्जा दिलाने हेतु निवेदन किया गया है।

2/ उपरोक्तानुसार आपको प्रदान की गई वित्तीय राशि को अनुबंध की शर्त अनुसार नियत अवधि में जमा नही किया गया, जिस बाबद आवेदक चोलामंडल इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड द्वारा जारी की गई गाईड लाईन एवं दिशा-निर्देशों के प्रकाश में उक्त ऋण खाते को दिनांक 03.02.2026 को एन.पी.ए. क्लासीफाईल कर दिया तथा प्रतिभूति के रूप में रखी गई उक्त सम्पत्ति का कब्जा दिया जाने हेतु आपको प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत बकाया राशि रूपये 1,13,14,200/- ब्याज व अन्य खर्च सहित जमा करने हेतु सूचना पत्र दिनांक 17.02.2026 को प्रेषित किया गया, लेकिन 60 दिवस की अवधि के बाद भी बकाया राशि जमा नही की जाने से धारा 13 (4) के तहत बंधक उक्त सम्पत्ति का सांकेतिक आधिपत्य प्राप्त किया गया है तथा उक्त संपत्ति का भौतिक कब्जा प्राप्त करने में सहायता प्रदान करने हेतु निवेदन किया है।

3/ उपरोक्तानुसार आप मूलऋणी द्वारा अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना प्राप्ती दिनांक से 60 दिवस के भीतर कोई आपत्ति आदि प्रस्तुत नहीं करने से आवेदक द्वारा अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत सूचना जारी करने के पश्चात उपरोक्त बंधक सम्पत्ति का भौतिक आधिपत्य अधिनियम की धारा 14 के तहत दिलाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुसार उल्लेखित उक्त अचल सम्पत्ति का आधिपत्य आवेदक को क्यो न दिलाया जाये, इस संबंध में प्रकरण में नियत दिनांक 18.08.2026 को आप स्वयं अथवा जरिये अभिभाषक के इस न्यायालय के समक्ष सायं 3.00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। सूचना उपरांत अनुपस्थित रहने की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही कर नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी।

**अपर जिला दण्डाधिकारी,**
**जिला-बड़वानी (म.प्र.)**